मीडिया समन्वय कार्यालय

जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति एवं निमंत्रण 27 अप्रैल 2017

## तुर्की के राष्ट्रपति को जेएमआई डाक्टर ऑफ लेटर्स से सम्मानित करेगा

तुर्की के राष्ट्रपति श्री रजब तैयब अर्दोआन को जामिया मिल्लिया इस्लामिया एक मई 2017 को '**डिग्री आफ डाक्टर आफ लेटर्स** 'से सम्मानित करेगा।

जेएमआई के चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल : रिटायर्ड : एम ए ज़की श्री अर्दोआन को विश्वविद्यालय के डा एम ए अंसारी सभागार में इस सम्मान से नवाज़ेंगे। इस अवसर के लिए अपराहन ढाई बजे एक विशेष कान्वकेशन का आयोजन किया गया है।

जेएमाआई के वाइस चांसलर प्रो तलत अहमद श्री अर्दोआन के सम्मान में प्रशंसात्मक उल्लेख पढ़ेंगे।

इस समारोह में भारत में तुर्की के राजदूत शाकिर ओज़कान तोरूनलार सहित विभिन्न देशों के राजदूत और मिशन प्रमुख तथा विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित होंगे।

समारोह में अन्य लोगों के अलावा जेएमआई के प्रो वाइस चांसलर प्रो शाहिद अशरफ, रजिट्रार ए पी सिद्दीकी : आईपीएसः सहित विश्वविद्यालय के डीन, विभाग प्रमुख, अध्यापक और अनुसंधानकर्ता शामिल होंगे।

साइमा सईद

**डेप्यूटी मीडिया कोऑर्डनैटर**

font: Kruti Dev 010